

## एक नजर में

### आर्थिक सहायता स्वीकृत

**राजगढ़ 13 अगस्त, का.** अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी नरसिंहगढ़ सुशील कुमार द्वारा नायब तहसीलदार बोड़ा के प्रतिवेदन पर आकाशीय बिजली गिरने से ग्राम पीपल्याारसोडा के मृतक इमरान खां की मृत्यु होने के कारण उसके वैध वारिस पत्नि् नगमा बी को 04 लाख रूपये की आर्थिक सहायतानुदान राशि स्वीकृत की गई है. उन्होंने हितग्राही को स्वीकृत राशि का शीघ्र भुगतान करने संबंधित अधिकारी को निर्देशित भी किया है.

### बलराम जयंती पर खाते में आएगी राशि

**राजगढ़ 13 अगस्त, का.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 14 अगस्त को बलराम जयंती पर प्रदेश के किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना वर्ष 2025-26 की दूसरी किस्त का किसानों के खाते में अंतरण करेंगे. इस योजना से प्रदेश के 83 लाख किसान हितग्राही लाभांवित होंगे. मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना सितंबर 2020 से लागू की गई है. इस योजना में लाभांवित किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रूपये की सहायता प्रदान की जाती है. यह राशि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अलावा है. मार्च 2025 तक 83 लाख से अधिक किसान हितग्राहियों को 17 हजार 5 सौ करोड़ का वित्तीय समर्थन दिया गया है.

### आईटीआई में विभिन्न ट्रेडों में पंजीयन प्रारंभ

**राजगढ़ 13 अगस्त, का.** कौशल विकास संचालनालय म.प्र. के अंतर्गत युवाओं के लिए रोजगारन्मु खी पाठयक्रम में प्रवेश के लिए जिले में संचालित समस्ते शासकीय आईटीआई में विभिन्न ट्रेडों में पंजीयन पोर्टल प्रारंभ किया गया. वेल्डर व्यभवसाय के लिए 8वीं उत्तीतर्ण एवं अन्यय व्यह्यवसाय के लिए 10वीं उत्तीयर्ण होना आवश्यक है. पंजीयन के पश्चा्त च्वाईस फिलिंग पोर्टल पर 22 अगस्त तक किया जा सकता है. महिलाओं के लिए प्रत्येंक व्यवसाय में 35 प्रतिशत सीट आरक्षित की गई है.

### युवाओं के लिए महत्वपूर्ण पहल

**राजगढ़ 13 अगस्त, का.** प्रदेश में युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के लिए महत्वपूर्ण पहल की जा रही है. इस उद्देश्य से प्रत्येक जिले में प्रतिमाह एक निर्धारित तिथि को युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है. रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के लिए प्रदेश और प्रदेश के बाहर से भी नियोजक और विभिन्न प्लेसमेंट एजेंसियाँ भी उपस्थित रहती हैं, जो संस्थानों के लिए योग्य उम्मीदवारों का चयन कर प्लेसमेंट प्रक्रिया को गति प्रदान करती हैं. युवा संगम में आईटी एवं तकनीकी क्षेत्रों से जुड़ी रिक्तियों जैसे कंप्यूटर ऑपरेटर, फिटर, मशीन ऑपरेटर, ऑटोमेकनिक, वेल्डर के साथ ही रिटेल, कस्टमर सपोर्ट, वाहन विक्रय, रिलेशनशिप मैनेजमेंट, इनबाउंड इंश्योरेंस सेल्स एवं इंश्योरेंस एजेंट जैसे क्षेत्रों से संबंधित रिक्तियाँ के लिए आवेदकों को चयनित किया जाता है.

# ढाई साल से बिना डॉक्टर के सिटी डिस्पेंसरी

## मौसमी बीमारियों में भी नहीं मिल पा रहा लाभ, सिविल अस्पताल की दौड़ लगाने को मजबूर

**पुराने अस्पताल परिसर में बनाई गई सिटी डिस्पेंसरी में नहीं है चिकित्सकों की तैनाती**

**फार्मासिस्ट, नर्सिंग स्टाफ के भरोसे चल रही डिस्पेंसरी**



नवभारत न्यूज
ब्यावरा 13 अगस्त, का.
मौसम में बदलाव के साथ ही इन दिनों बिमारियों का प्रकोप जबर्दस्त बढ़ गया है. अनेक बिमारियां लोगों को घेरे हुए है, ऐसे में स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की दरकार रहती है किंतु वर्तमान में जो स्वास्थ्य सुविधा है उनका ही आमजन को लाभ नहीं मिल पा रहा है. नगर में स्थित सिटी डिस्पेंसरी में बीते ढाई साल से चिकित्सक नहीं है.

विदित है कि नगर में ही घर के पास आमजन को छोटी-मोटी बिमारी को लेकर सुगमता के साथ स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके इस हेतु शासन द्वारा नगर के पीपल चौराहा स्थित पुराना अस्पताल परिसर में सिटी डिस्पेंसरी चालू की गई. शुरुआत में यहां चिकित्सक तैनात रहे किंतु कुछ समय बाद डिस्पेंसरी चिकित्सक विहीन हो गई.

**काफी राहत होगी मरीजों को**-सिटी डिस्पेंसरी में चिकित्सक होने पर सर्दी-जुकाम, बुखार सहित अन्य बिमारियों का बेहतर उपचार हो सकेगा. इससे मरीजों को नजदीक नगर के भीतर ही स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सकेगा. यदि चिकित्सक की नियुक्ति होती है तो जिस उद्देश्य को लेकर सिटी डिस्पेंसरी चालू की है वह उद्देश्य भी पूरा होगा.

### जनवरी 2023 से नहीं डॉक्टर

जानकारी के अनुसार सिटी डिस्पेंसरी में 20 जनवरी 2023 से चिकित्सक नहीं है. यहां मौजूद स्टॉफ द्वारा ही अपने अनुभव एवं क्षमता अनुसार छोटी मोटी बीमारियों का उपचार कर दवाओं का वितरण कर दिया जाता है. इससे भी मरीजों को काफी राहत मिल जाती है, यदि यहां डॉक्टर पदस्थ हो तो फिर स्वास्थ्य सुविधा का कहीं अधिक लाभ लोगों को मिल सकेगा. वर्तमान में सिटी डिस्पेंसरी में मरीजों की संख्या प्रतिदिन 40 से 50 हो रही है. जबकि सामान्य दिनों में 25 से 30 मरीज प्रतिदिन आते है. मरीजों की बढ़ती संख्या के बीच यह जरुरी है कि यहां चिकित्सक की नियुक्ति हो.

*जिला स्वास्थ्य विभाग की और से चिकित्सक हेतु डिमांड भेजी गई है जैसे ही चिकित्सक मिलेंगे सिटी डिस्पेंसरी में चिकित्सक को पदस्थ किया जाएगा.*
**शोभा पटेल**
**सीएमएचओ, जिला चिकित्सालय राजगढ़**

### इधर संजीवनी क्लिनिक भी चालू नहीं हुए

संजीवनी क्लीनिक की नवीन बिल्डिंग को शुभारंभ का इंतजारशासन द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाते हुए अपने नगर, मोहल्ले में ही आमजन को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ पहुंचाने संजीवनी क्लीनिक स्थापित किए गये है किंतु विडंबना की बात यह है कि शासन का लाखों रुपये लगने के बावजूद नवनिर्मित भवन धूल खाकर टूटफूट होकर खण्डहर में तब्दील होने लगे है. ब्यावरा में जूना ब्यावरा स्थित एसडीएम निवास के समीप शासकीय क्वाटर के निकट लगभग 25 लाख रुपये की लागत से नगर पालिका परिषद द्वारा करीब डेढ़ साल पूर्व बिल्डिंग बनाकर तैयार की जा चुकी है किंतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसे अपने अधीन नहीं ली गई है, इससे वीरान पड़ा यह लाखों का भवन टूटफूट होकर धूल खा रहा है.



# कांग्रेस ने चुनाव आयोग के खिलाफ दिया ज्ञापन

## लोकसभा चुनावों में मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप

नवभारत न्यूज
**नरसिंहगढ़ 13 अगस्त, सं.** शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने चुनाव आयोग पर धांधली और मनमानी का आरोप लगाते हुए महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा. कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि 2023 के विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के नाम हटाकर वोट चोरी की गई. ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व विधायक गिरीश भंडारी, सोशल मीडिया प्रदेश महासचिव अभिनव पंचोली, किसान कांग्रेस प्रदेश महासचिव लखन बना, जिला उपाध्यक्ष मदरूप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र गुर्जर, शहर अध्यक्ष गुड्डू भाई, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि लोकेन्द्र वर्मा, नप उपाध्यक्ष मनोज महावार, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सुरेश यादव सहित कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे.

### 99 लाख विद्यार्थियों के अपार आईडी

**राजगढ़ 13 अगस्त, का.** केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने प्रदेश में स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अपार (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंड रजिस्ट्री) आईडी तैयार करने के निर्देश दिये हैं. इसका उद्देश्य 'वन नेशन-वन स्टूडेंट' के रूप में पहचान देना है. इस कार्यक्रम में प्रत्येक विद्यार्थी को एक लाइफ टाइम आईडी मिलेगी. इसके आधार पर विद्यार्थी को पूर्व प्राथमिक शिक्षा से उच्च शिक्षा तक शैक्षणिक प्रगति को ट्रैक करना आसान होगा. स्कूल शिक्षा विभाग ने अब तक करीब 99 लाख 41 हजार बच्चों की अपार आईडी तैयार कर ली हैं.



# हाईवे के साथ गली-मोहल्लों में भी गायों का जमघट

नवभारत न्यूज
**ब्यावरा 13 अगस्त, का. शासन, प्रशासन द्वारा हाईवे, सड़क, चौराहों पर से बेसहारा गौवंश को एक तरफ सुरक्षित जगह पर करने हेतु दावों के साथ प्रयास भी किए जा रहे है किंतु आज भी हजारों गौवंश हाइवे ही नहीं गली-मोहल्लों तक में देखे जा सकते है.**

विदित है कि जिले में बेसहारा गौवंश की संख्या दिनों दिन बढ़ते हुए 65 हजार से अधिक जा पहुंची है. हाल ही में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा गौवंश की गणना भी की गई है, नवीन गणना में बेसहारा गौवंश की संख्या कहीं अधिक बढ़ने के आसार है. हालांकि अभी विभाग द्वारा गणना के आंकड़े जारी नहीं किए गये है.

**पूर्व गणनानुसार 65 हजार बेसहारा गौवंश-** आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि वर्ष 2018 में हुई गणना के अनुसार जिले में बेसहारा गौवंश की संख्या 65 हजार के आसपास रही. जबकि हाल ही में नवीन गणना विभाग द्वारा की गई है. इसका अधिकारिक आंकड़ा तो अभी जारी नहीं किया गया है किंतु जिले में बेसहारा गौवंश की संख्या एक लाख से अधिक ऊपर होने के आसार है. जिले में गौवंश को सुरक्षित रखने पर्याप्त मात्रा में गौशालाएं नहीं है. साथ ही खेतों में फसल आते ही गौवंश को यहां से वहां खदेड़ा जाने लगता है. बेसहारा गौवंश हाईवे, स्टेट हाईव, सड़क, चौराहों पर ही नहीं अब तो नगर, कस्बो के गली-मोहल्लों में गौवंश का जमघट बना हुआ है. बारिश, कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे रहना इनकी मजबूरी बन गया है.

**हाका दल का नहीं नगर में असर**-जिला प्रशासन द्वारा बेसहारा गौवंश की सुरक्षा हेतु नगरीय निकयों, पंचायतों को हाका दल गठित कर उनके माध्यम से हाईवे, स्टेट हाईवे, नगर की सड़क, चौराहों से गौवंश को हटाकर एक और करने का जिम्मा सौंपा गया किंतु नगर में इस तरह का कोई हाका दल नजर नहीं आ रहा है.

*नवीन गणना पूर्ण कर ली गई है. अभी इसके अधिकारिक आंकड़े तो अभी जारी नहीं हुए है, हालांकि इस गणना में बेसहारा गौवंश की तादाद कहीं अधिक बढ़ने के आसार है.*
**एम.एस. कुशवाह**
**उप संचालक, पशु चिकित्सा विभाग जिला राजगढ़**

### सेवानिवृत्ति पर शिक्षक का सम्मान

नवभारत न्यूज



**ब्यावरा 13 अगस्त, का.** संकुल केन्द्र कीलखेड़ा में पदस्थ शिक्षक मुबारिक खान के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया. जिला मुख्यालय राजगढ़ में आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा सहित शिक्षकों द्वारा सम्मान किया गया. शिक्षक साथियों ने शिक्षक के कार्यकाल को सराहते हुए प्रशंसा की.

# 3 दिन बाद कुएं से मिला लापता ग्रामीण का शव

नवभारत न्यूज
**तलेन/राजगढ़ 13 अगस्त, सं.** तलेन थानांतर्गत ग्राम सरसखेड़ी निवासी एक ग्रामीण का शव कुएं से मिलने की सनसनीखेज घटना सामने आई है. मृतक सोमवार से लापता था. जानकारी के अनुसार तलेन थानांतर्गत ग्राम सरसखेड़ी निवासी दुर्गाप्रसाद उर्फ दुर्गेश पिता नाथूलाल मालवीय उम्र 45 वर्ष सोमवार से घर से एकाएक लापता हो गया था. बुधवार को



ग्रामीण का शव गांव के समीप कुएं से मिला. पुलिस द्वारा शव को बाहर निकालकर पीएम के लिए बोड़ा अस्पताल पहुंचाया गया. फिलहाल घटना का स्पष्ट कारण पता नहीं चल पाया है. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है.

# तीन महीने का राशन निकाला और एक महीने का बांटा

## शासकीय उचित मूल्य दुकान कालीपीठ एवं सवासड़ा में अनियमितता पाए जाने पर की गई कार्यवाही

नवभारत न्यूज
**राजगढ़ 13 अगस्त, का. प्रशासन के लाख प्रयासों के बावजूद जिले में राशन के वितरण को लेकर अनियमितताएं कम नहीं हो रही है. ग्रामीणों को शासन की ओर से दिया जाने वाला राशन भी उचित तरीके से नहीं मिल पा रहा है.** जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुश्री स्वाति वाईकर और सहकारी निरीक्षक शोभाराम डावर द्वारा विपणन सहकारी समिति खुजनेर द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कालीपीठ एवं सवासड़ा की जांच की गई. कालीपीठ दुकान पर दुकानदार ललित सौंधिया ने जून, जुलाई एवं अगस्त तीन माह का राशन मश्चीन से निकाल कर एक माह का राशन वितरण किया. इसी प्रकार ग्राम संवासड़ा में हितग्राहियों को जून, जुलाई एवं अगस्त में से केवल एक या दो माह का ही राशन वितरण किया गया है. उक्त दोनों दुकानों पर अनियमितता पाये जाने पर प्रकरण निर्मित किया जाकर अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी राजगढ़ को प्रस्तुत किया गया है.

### जिले में बारिश की स्थिति

**ब्यावरा 13 अगस्त, का.** बुधवार की सुबह 8 बजे तक जिले की तहसीलवार बारिश की स्थिति इस प्रकार है. जीरापुर 65 एमएम, खिलचीपुर 1007.6, राजगढ़ 925., ब्यावरा में 1768.2 एमएम, नरसिंहगढ़ 1123.2, सारंगपुर 423.6 तथा पचोर में 759.6 एमएम बारिश हुई है. जिले की औसत वर्षा आज दिनांक तक 1003.9 एमएम हो गई है.

### स्वतंत्रता दिवस पर प्रभारी मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**राजगढ़ 13 अगस्त, का.** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में जिले के प्रभारी मंत्री एवं सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप मुख्य अतिथि होंगे. परेड ग्राउण्ड में प्रात: 09. बजे से प्रारंभ होने वाले इस कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा. इस अवसर पर पीटी, परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

# 'प्लांट मित्र' कार्यक्रम में किया पौधों का आदान-प्रदान

नवभारत न्यूज
**ब्यावरा 13 अगस्त, का.** पर्यावरण संरक्षण और बागवानी के प्रति लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से सखी क्लब द्वारा बुधवार को पीपल चौराहा पर 'प्लांट मित्र' कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. बारिश के मौसम में आयोजित इस अनूठी पहल में प्रतिभागी अपने बगीचों और छतों पर लगे अतिरिक्त पौधों को एक-दूसरे से अदला-बदली कर नए पौधों को घर ले गए. कार्यक्रम में डॉ. अनुजा साहू, कल्पना भंडारी, रश्मि शर्मा, मोनिका मिश्रा, बरखा गुप्ता, शीला संत अग्रवाल, कल्पना बंसल, सुधा अग्रवाल, नीलम बंसल, अर्चना अग्रवाल एवं संध्या अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, ज्योति मंगल, आरती मंगल तथा प्रोग्रेसिव किड्स की ओर से कीर्ति विश्वकर्मा, दिव्या बजाज और नन्हें नन्हे बच्चों, श्री विद्यार्थी एकेडमी से श्रीमती विजेता मौर्य, लक्ष्मी सेन, सपना विश्वकर्मा, अमित कुशवाह, तनिष्क सोनी सहित बच्चे शामिल हुए. सखी क्लब ने बताया कि आयोजन से न केवल बागवानी को बढ़ावा मिलेगा बल्कि लोगों में हरियाली और प्रकृति के प्रति प्रेम भी बढ़ेगा.




**उत्साह** सोयाबीन सहित अन्य फसलों में पानी की थी दरकार, अनुकूल समय पर हुई बारिश से उत्साह

# इल्लियों से घिरी सोयाबीन को बारिश से राहत की उम्मीद

नवभारत न्यूज
**ब्यावरा 13 अगस्त, का. अगस्त माह के शुरु होते ही बारिश का दौर थमा हुआ था. अब खेतो में खड़ी फसलों को पानी की अति आवश्यक जररुत महसूस हो रही थी. हर कोई बारिश की कामना कर रहा था. उमस भरी गर्मी ने अपना प्रकोप शुरु कर दिया. इसी बीच बुधवार को दोपहर बाद से नगर सहित जिले के अनेक स्थानों पर बारिश का सिलसिला शुरु हो गया. यह बारिश फसलों के लिए अमृत का काम कर गई. बारिश प्रारंभ होने से उत्साह का वातावरण निर्मित हो गया.**

विदित है कि जुलाई माह की आखिरी तारीख तक झमाझम बारिश का दौर चल रहा था.

इसके बाद 1 अगस्त आते ही बारिश का क्रम थम गया. कभी कभार कहीं पर हल्की बारिश हो रही थी. बारिश थमने के बाद उमस भरी गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया.



### इल्लियों से मिलेगी निजात

मौसम विभाग द्वारा बारिश होने के संकेत दिए गये है. वर्तमान में सोयाबीन फसल में इल्ली का प्रकोप बना हुआ था. कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जा रहा था ऐसे में बारिश शुरु होने से अब इल्लियों से निजात मिलने की उम्मीद जागी है. तेज बारिश होती है तो इससे इल्लियां का प्रकोप स्वत: समाप्त हो सकेगा.

### फसले मुरझाने लगी थीं

कई जगह पठारी क्षेत्र में तेज गर्मी के कारण फसले पानी के अभाव में मुरझाने लगी थी. बारिश का बेसब्री से इंतजार हो रहा था. ब्यावरा, राजगढ़, तलेन, पचोर, नरसिंहगढ़, कुरावर, सुठालिया, उदनखेड़ी सहित अधिकांश स्थानों पर बारिश होने से फसलों को फायदा पहुंचा है. जरुरत के समय हुई बारिश बेहद लाभदायक साबित हुई है.

*फसलों को पानी की सख्त आवश्यकता थी. समयानुकूल बारिश होने से फसलों को काफी फायदा पहुंचा है.*
**एन.एस. हरियाले**
**वरिष्ठ कृषि अधिकारी ब्यावरा**

# लुधियाना के कलाकार बनाएंगे जन्माष्टमी उत्सव की झांकियां

नवभारत न्यूज
**ब्यावरा 13 अगस्त, का. भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 16 अगस्त को नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें चलित झांकियां मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगी. लुधियाना के कलाकारों द्वारा तैयार की झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहेगी.**

जानकारी के अनुसार 16 अगस्त को प्रात: 11 बजे स्थानीय कृषि उपज मंडी परिसर स्थित श्री गणेश मंदिर में पूजा अर्चना, महाआरती के बाद शोभायात्रा प्रारंभ होगी. शोभायात्रा में लुधियाना के कलाकारों द्वारा तैयार की जाने वाली विभिन्न झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहेगी. श्री कृष्ण की बाल लीला, रासलीला, हनुमानजी, शिव तांडव सहित देवगणों की झांकी शोभायात्रा में शामिल होगी. सुठालिया बायपास, बस स्टेण्ड, पुराना बस स्टेण्ड, पीपल चौराहा, मेन मार्केट, सुभाष चौक, जगात चौक, अहिंसा द्वार से पुराना ए.बी.रोड होते हुए शोभायात्रा सुठालिया बायपास स्थित धर्मशाला पहुंचेगी जहां धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक आयोजन होंगे.

### गांव-गांव दे रहे आमंत्रण

शोभायात्रा में शामिल होने गांव-गांव पहुंचकर पीले चावल देते हुए आमंत्रण दिए जा रहे है. आयोजन को लेकर काफी उत्साह है. जिले भर से शोभायात्रा में समाज बंधु शामिल होंगे.